फ्लिपकार्ट ने आईआईटी पटना के साथ किया शैक्षणिक करार

- आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, नैचुरल लैंगवेज प्रोसेसिंग और मशीन लर्निंग के क्षेत्रों में संयुक्त शोध संबंधी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

बेंगलुरू, 18 अगस्त, 2020: भारत के स्वदेशी ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने देश के अग्रणी साइंस इंजीनियरिंग एवं टैक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट - आईआईटी पटना के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर की घोषणा की है। यह करार फ्लिपकार्ट द्वारा पिछले 5 वर्षों से जारी शैक्षणिक गठबंधन की प्रक्रिया को मजबूत बनाने की दिशा में उठाया गया अगला कदम है। आईआईटी पटना के साथ इस करार के चलते, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (AI), नैचुरल लैंगवेज प्रोसेसिंग (NLP) और मशीन लर्निंग (ML) के क्षेत्रों में उद्योग को एप्लायड रिसर्च पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी।

इस समझौते के तहत्, आईआईटी पटना कई तरह के कार्यक्रम शुरू करेगा जिनमें संयुक्त शोध गतिविधियां, शोध पत्र लेखन, परिचर्चाओं का आयोजन, इंटर्नशिप/मेंटॉरशिप अवसरों को बढ़ावा आदि शामिल है। इस शैक्षणिक करार से आईआईटी पटना के छात्रों और विद्वानों को अनुभव के नए अवसर मिलेंगे और साथ ही फैकल्टी सदस्य (यों) को भी फ्लिपकार्ट की शोध परियोजनाओं पर काम करने का मौका मिलेगा। फ्लिपकार्ट को इस समझौते के जरिए ऑटोमेशन, एआई, एनएलपी और एमएल जैसे क्षेत्रों में परस्पर सहयोग के वातावरण को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है और साथ ही, बेहद संवेदी राष्ट्रीय क्षमताओं के निर्माण में भी मदद मिलेगी।

मयूर दातार, चीफ डेटा साइंटिस्ट, फ्लिपकार्ट, ने कहा, *"शैक्षणिक गठबंधन लंबे समय से उद्योग और शिक्षा जगत के बीच तालमेल बढ़ाने का ज़रिया रहा है, इससे नए शोध को परियोजनाओं की शक्ल में साकार करने तथा पूरे तंत्र को लाभ दिलाने में मदद मिलती है और यह आगे चलकर आर्थिक विकास में योगदान करता है। इस गठबंधन का प्रमुख उद्देश्य उद्योग-केंद्रित एप्लायड रिसर्च को बढ़ावा देना है जो ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ताओं और विक्रेताओं तक पहुंच बढ़ाने में मददगार साबित हो सके। इस समझौता ज्ञापन के*

जरिए, हमारा ज्यादा ज़ोर शैक्षणिक गठबंधनों पर रहेगा जिससे छात्रों तथा शिक्षाविदों को हमारे डेटा एवं प्लेटफार्म से हासिल जानकारी के आधार पर भारत के संदर्भों में ई-कॉमर्स की चुनौतियों पर काम करने के साथ-साथ शोध-पत्रों को प्रकाशित करने में भी मदद मिलेगी।"

आसिफ इक़बाल, एसोसिएट प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, ने कहा, *"हम फ्लिपकार्ट के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर बेहद खुशी महसूस कर रहे हैं। फ्लिपकार्ट ने भारत के संदर्भों में कई इनोवेशन की हैं और देश में ई-कॉमर्स को बढ़ावा देने में योगदान दिया है। यह शोध खासतौर से उन यूज़र रिव्यूज़ के प्रादेशिक भाषाओं में अनुवाद के लिए बेहतरीन मशीन ट्रांसलेशन तकनीकों को विकसित करने में मदद मिलेगी जो बड़ी संख्या में मौजूद हैं, और साथ ही यह अनुवाद प्रक्रिया ऐसी हो कि इससे डोमेन नॉलेज (भावनात्मक, संवेदनात्मक, लैंगिक विशेषताएं आदि), जो कि और मशीन ट्रांसलेशन (MT) में लगे अनुवाद सेवा प्रदाताओं (TSPs) के लिए बेहद महत्वपूर्ण होती, सुरक्षित रखा जा सके। इस शुरुआती गठबंधन के जरिए, हमें उम्मीद है कि दो उन्नत प्रकाशनों को सामने लाने में मदद मिलेगी और साथ ही, प्रोडक्ट रिव्यू के क्षेत्रों में बेसलाइन ट्रांसलेशन वर्कफ्लो को भी साकार किया जा सकता है। फ्लिपकार्ट के साथ इस करार से आईआईटी पटना के छात्रों और विद्वानों को उद्योग जगत का प्रत्यक्ष अनुभव और साथ ही, फैकल्टी सदस्यों को शोध परियोजनाओं पर फ्लिपकार्ट के साथ काम करने का मौका भी मिलेगा।"*

फ्लिपकार्ट भारत के विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर, उद्योग की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए शैक्षणिक शोध के जरिए दीर्घकालिक प्रगति से जुड़ी है। फ्लिपकार्ट कुछ प्रमुख संस्थानों जैसे इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (IISC), आईआईटी (खड़गपुर, बॉम्बे और कानपुर), आईआईएम (अहमदाबाद तथा कोलकाता) तथा कुछ विदेशी विश्वविद्यालयों जैसे कार्नेजी मेलन यूनीवर्सटी और यूनीवर्सटी ऑफ कैलीफोर्निया, सैन डिएगो के साथ मिलकर कई महत्वपूर्ण टैक्नोलॉजी जैसे फैशन रिकमन्डेशन, क्वेरी अंडरस्टैंडिंग, एट्रिब्यूट एक्सट्रैक्शन, डिमांड प्लानिंग, प्रोडक्ट कैटेगराइज़ेशन, रिव्यू हैल्पफुलनैस, सप्लाई चेन मैनेजमेंट (उदाहरण के लिए वेयरहाउस स्टोरेज एलोकेशन) फ्रॉड डिटेक्शन तथा नैक्स्ट बास्केट प्रेडिक्शन के क्षेत्रों में काम कर रही है। इसके परिणामस्वरूप, अनेक विश्वस्तरीय

सम्मेलनों में, इंफॉरमेशन रिट्रिवल तथा नॉलेज डिस्कवरी जैसे क्षेत्रों से जुड़े कई शोध-पत्रों को तैयार करने में मदद मिली है।

फ्लिपकार्ट ग्रुप के बारे में

फ्लिपकार्ट ग्रुप देश के अग्रणी डिजिटल कॉमर्स कंपनियों में से है जिसकी समूह कंपनियों में फ्लिपकार्ट, मिंत्रा, जबोंग और फोनपे शामिल हैं। 2007 में स्थापित, फ्लिपकार्ट ने लाखों उपभोक्ताओं, विक्रेताओं, कारोबारियों और छोटे कारोबारों को देश की सबसे बड़ी ई-कॉमर्स क्रांति से जोड़ा है। 250 मिलियन से अधिक पंजीकृत विक्रेताओं के साथ फ्लिपकार्ट 80+ श्रेणियों में 150 मिलियन से ज्यादा उत्पादों की पेशकश करता है। भारत में ई-कॉमर्स की पहुंच सभी तक सुगम बनाने, इसे किफायती रखकर उपभोक्ताओं की खुशियां बढ़ाने, पूरे इकोसिस्टम के जरिए लाखों नई नौकरियों का सृजन करने तथा उद्यमियों एवं एमएसएमई की पीढ़ियों को सशक्त बनाते हुए हमने उद्योग में कई स्तरों पर पहल की हैं। फ्लिपकार्ट को कैश ऑन डिलिवरी, नो कॉस्ट ईएमआई और आसान रिटर्न जैसे ग्राहक केंद्रित सेवाओं की उद्योग में पुरोधा पेशकश करने के लिए जाना जाता है। इसने ऑनलाइन खरीदारी को लाखों ग्राहकों की आसान पहुंच में लाकर उसे किफायती बनाया है। मिंत्रा तथा जबोंग के साथ मिलकर, जो कि ऑनलाइन फैशन मार्केट में प्रमुख स्थान रखती हैं, फ्लिपकार्ट ग्रुप टैक्नोलॉजी के जरिए भारत में ई-कॉमर्स की दुनिया में बदलाव ला रहा है।

आईआईटी पटना में AI-NLP-ML रिसर्च ग्रुप के बारे में

आईआईटी पटना के डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग के अंतर्गत कार्यरत आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस-नैचुरल लैंगवेज प्रोसेसिंग-मशीन लर्निंग (AI-NLP-ML) रिसर्च ग्रुप आर्टिफिशयल इंटेलीजेंस, नैचुरल लैंगवेज प्रोसेसिंग और मशीन लर्निंग के क्षेत्रों में व्यापक अनुसंधान एवं विकास कार्यों में संलिप्त है। साथ ही, इसने अपने शोध परिणामों को जाने-माने जर्नल्स तथा सम्मेलनों में प्रस्तुत कर और विभिन्न सरकारी एजेंसियों जैसे कि MeITY, SERB, MHRD और उद्योगों जैसे एलसिवियर, एक्सेंचर, एलजी सॉफ्ट, सैमसंग रिसर्च, हनीवैल, विप्रो आदि द्वारा प्रायोजित महत्वपूर्ण आर एंड डी प्रोजेक्ट्स अपने हाथ में लेकर, राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तरों पर अपनी मौजूदगी दर्ज करायी है। सीएस रैंकिंग के अनुसार, पिछले 5 वर्षों MeITY, SERB, MHRD में प्रकाशनों के लिहाज़ से यह नैचुरल लैंगवेज प्रोसेसिंग रिसर्च के क्षेत्र में भारत में अव्वल नंबर पर है।

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: media@flipkart.com